

# मिशन शिक्षण संवाद

## बेसिक के शिक्षकों के अनूठे प्रयास...

# दैनिक

# टाइम लाइन एक्सप्रेस

## जून 2021...




## संकलन कर्ता..


## काव्य मंजरी टीम

# Mission Shikshan Samvad

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-01/06/2021 | 152 | दिन- मंगलवार

## विश्व दुग्ध दिवस

दूध होता संतुलित आहार,
प्रकृति का अनुपम उपहार।
पीने से सेहत सदा दुरुस्त,
बीमारी रहे दूर समस्त।।




1 जून 2001 से प्रतिवर्ष,
विश्व दुग्ध दिवस मनाते।
दुग्ध उत्पादन खूब बढ़े,
जागरूकता सन्देश फैलाते।।

खाद्य एवं कृषि संगठन,ने,
किया रोजगारों का सृजन।
छोटे शहरों तक पहुँचाया,
डेयरी फॉर्मों का संस्करण।।

भारत में सर्वाधिक खपत,
विश्व भर में बढ़ रहा महत्व।
दही, मिठाई और पनीर,
दूध है सबसे बेहतर स्रोत।।




रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, जनपद- फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 2 जून 2021

153

दिन- बुधवार

## अभिनेता राज कपूर




राज कपूर अभिनेता महान,
2 जून है पुण्यतिथि उनकी।
शो मैन से मिली पहचान,
इंकलाब पहली फिल्म जिनकी।।

1947 में मधुबाला के साथ,
नीलकमल फिल्म में काम किया।
शुरू किया कैरियर इनके साथ,
डायरेक्टर का भी काम किया।।

प्रेम कहानियों के जनक बन के,
आग, बरसात फिल्मों में काम किया।
मेरा नाम जोकर का निर्देशन कर के,
निर्देशन में भी अपना नाम पुख्ता किया।।

2 जून 1988 को दिल्ली में,
दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन।
हिन्दी सिनेमा जगत के इतिहास में,
राज कपूर थे एक्टर निर्माता महान।।

रचना
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा , फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान




शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 3 जून 2021

154

दिन- गुरूवार


## विश्व साइकिल दिवस

अंतरराष्ट्रीय विश्व साइकिल दिवस,
03 जून को मनाया जाता।
होती है लगभग सबके पास,
साइकिल का साधन सबको भाता।।




साइकिल का इतिहास भारत में,
है बहुत पुराना और अहम।
दिया योगदान आर्थिक तरक्की में,
इसमें नहीं है कोई भी भ्रम।।

परिवहन के इस साधन को,
करे उपयोग अपने जीवन में।
रोज चलाने से साइकिल को,
बढ़ता इम्यून सिस्टम शरीर में।।

सबसे सस्ता प्रदूषण रहित वाहन,
इसके निर्माता कहे जाते हैं मैकमिलन।
यातायात के प्रारम्भिक साधनों में इसका प्रमुख स्थान,
सर्वसुलभ, सर्वाधिक प्रयोग में,
साइकिल आविष्कार महान।।


रचना
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनिया प्रथम
सरवन खेड़ा, कानपुर देहात




शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 04-6-2021

155

दिन- शुक्रवार

## प्रसिद्ध अभिनेत्री नूतन जन्मदिवस

मिस इंडिया का पहला खिताब,
अभिनेत्री नूतन पाई थी।
50 से अधिक फिल्मों में काम कर,
फ़िल्म जगत में नाम कमाई थी।।



4 जून 1936 को सम्पन्न परिवार,
मुम्बई में जन्म लिया।
जब वह स्कूल में पढ़ती थी,
तब से फिल्म में अभिनय किया।।

अन्य कई पुरस्कारों के अलावा,
6 बार फिल्मफेयर भी पाई थी।
भारत सरकार से पद्मश्री का,
पुरस्कार भी लेकर आई थी।।



नूतन के पुत्र मोहनी शबहल अभी,
हिन्दी फिल्मों में अभिनय करते हैं।
आज भी फिल्म जगत में,
सब नूतन को याद करते हैं।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-05/06/2021 **156** दिन- शनिवार

## विश्व पर्यावरण दिवस




पर्यावरणीय सुरक्षा एवं संरक्षा को प्रतिवर्ष,
5 जून को मनाते विश्व पर्यावरण दिवस।
प्रकृति की रक्षा हेतु देना है जनसंदेश,
बढ़ती चुनौतियों का सामना है उद्देश्य।।


5 जून 1974 को पहली बार मनाया,
जो राजनीतिक व सामाजिक जाग्रति लाया।
पर्यावरणीय समस्याओं का हल खोजने को,
पूरा विश्व मिलकर एकसाथ आया।।

थीम 2021की पारिस्थितिकी तंत्र बहाली,
पाकिस्तान ने इसबार मेजबानी है सँभाली।
प्राकृतिक सम्बन्धों को रीसेट करने पर है जोर,
चलना सँभल कर मानव पर्यावरण है कमजोर।।

प्राकृतिक संसाधनों का बढ़ता दोहन,
क्षीण करता जा रहा है पर्यावरण।
मत दो आपदा व महामारियों को आमंत्रण,
पर्यावरण में असंतुलन से खतरे में है जीवन।।


रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



## गुरू बचन सिंह रंधावा




6 जून 1939 को जन्म लिया,
महान गुरु बचन सिंह रंधावा ने।
एथलीट खेलों में इतिहास बनाया,
एथलेटिक्स के आलराउंडर ने।।

ग्रहण की शिक्षा अमृतसर से,
बने स्टार एथलीट पंजाब के।
था खास लगाव एथलेटिक्स से,
कहलाए चैंपियन एथलीट के।।

प्राप्त की सफलता राष्ट्रीय खेलों में,
एशिया में मान बढ़ाया भारत का।
जीतकर स्वर्ण पदक डिकैथलांन में,
तोड़ा रिकॉर्ड सी० एम० मुथैया का।।

लिया भाग ओलम्पिक खेलों मे,
गुरु रंधावा थे खिलाड़ी होनहार।
बने प्रथम भारतीय एथलीट में,
मिला जिन्हें अर्जुन पुरस्कार।।

रचना
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवन खेड़ा, कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 07/06/2021 | 158 | दिन- सोमवार

# विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस




विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस है जागरूकता लाया,
7 जून 2019 को पहली बार मनाया।
संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सन 2018 में,
खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से अपनाया।।




हो खाद्य मानकों की संरक्षा,
और खाद्य पदार्थों की हो रक्षा।
ये उद्देश्य हैं, सरकारें उपलब्ध कराएँ,
उपभोक्ताओं को भोजन अच्छा।।

देश में स्वस्थ, सुरक्षित और पौष्टिक,
पर्याप्त भोजन हर उपभोक्ता पाये।
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने,
उपभोक्ता सशक्तिकरण के कुछ नियम बनाये।।

डब्ल्यू० एच० ओ० और एफ० ए० ओ०,
ने साझा किए खाद्य सुरक्षा के नियम।
इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है,
हो विश्व में कुपोषण और भुखमरी कम।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
टाइमलाइन एक्सप्रेस
दिनाँक- 08/06/2021
159
दिन- मंगलवार

# विश्व महासागर दिवस




पृथ्वी पर जीवन का प्रतीक,
पर्यावरण का भी संतुलन बनाते हैं।
खारे पानी का विशाल क्षेत्र बन,
महासागर जलमंडल का भाग बनाते हैं।।

दुनिया भर प्रतिवर्ष 8 जून को,
विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है।
समुद्र में बढ़ रहे प्रदूषण के प्रति,
लोगों को जागरूक किया जाता है।।

1992 में रियो डी जनेरियो ने विश्व महासागर,
दिवस मनाने का एलान किया।
वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे,
इसे मनाने की दी अधिकारिक मान्यता दिया।।

"हमारे महासागर-हमारा भविष्य",
इस वर्ष का थीम विशेष निर्धारित है।
सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक,
दृष्टि से महासागरों का बहुत महत्व है।।

रचना
नीलम भास्कर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, जनपद- बागपत




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 09/06/2021

160

दिन- बुधवार

## बिरसा मुण्डा



बिरसा मुण्डा भारत देश के,
आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे।
ये 15 नवम्बर 1875 को,
राँची के उलिहातु में जन्मे थे।।

इन्होंने जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ,
लोगों को जागृत किया।
आदिवासियों की परम्पराओं को,
जीवित रखने का प्रयास किया।।

1882 में जब अंग्रेजों ने हमें,
जंगल के अधिकारों से वंचित किया।
बिरसा ने इस शोषण के खिलाफ,
'उलगुलान' आंदोलन  आरम्भ किया।।

1897 से 1900 के दौरान अंग्रेजों और,
आदिवासियों के बीच कई लड़ाइयाँ हुईं।
किसी अपने ने पकड़वाया इन्हें और,
9 जून 1900 को इन्होंने अंतिम साँस ली।

रचना
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 10.06.2021

161

दिन- गुरुवार

## विश्व भूगर्भ जल दिवस



दस जून को हर साल हम,
मनाते विश्व भूगर्भ जल दिवस हैं।
बूँद-बूँद को तरसने को,
आज हम सब विवश हैं।।

प्रकृति के अत्यधिक दोहन से,
अति क्षुब्ध ये वसुन्धरा है।
इसलिये चारों तरफ आज,
निराशा का ही पहरा है।।

जब बादल छम-छम बरसात करें,
तब जल संचयन विधि अपनाकर।
छत व बगीचों में ट्रेंच बनाकर,
हम जिम्मेदारी से बर्ताव करें।।

भूमिगत जल को है बचाना,
और खूब पेड़-पौधे लगाना।
ये हमारे भविष्य के लिये,
है खुशियों का खजाना।।

रचना-
रेखा रावत (स०अ०)
रा० प्रा० वि० तिमली भरदार
ब्लॉक-जखोली
जनपद-रुद्रप्रयाग


शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 11.06.2021 **162** दिन- शुक्रवार

## जन्मदिवस-क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल



11जून सन 1897 को,
ज्येष्ठ शुक्ल निर्जला एकादशी के अवसर पर।
उ०प्र० के शाहजहाँपुर में जन्मे रामप्रसाद बिस्मिल,
पिता पं. मुरलीधर और माता मूलमती के घर।।

नवमीकक्षा तक पढ़ने के बाद,
आर्य समाज के संपर्क में आये।
बदल गयी दिशा जीवन की,
19 वर्ष की आयु में स्वाधीनता सेनानी कहलाये।।

वे थे कवि, शायर, अनुवादक व साहित्यकार,
लेखनी से करते थे आजादी का सपना साकार।
9 अगस्त 1925 को लूटा सरकारी खज़ाना,
स्वाधीनता आन्दोलन के लिए थी धन की दरकार।।


काकोरी कांड के लिए  हुए गिरिफ्तार,
1927 को गोरखपुर जेल में हुई फाँसी।
हजारों लोग भरे ह्रदय से सम्मिलित हुए शवयात्रा में,
राप्ती नदी के तट पर किया गया अंतिम संस्कार।।

रचना-
रूपी त्रिपाठी (स० अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी
क्षे०- सरवनखेड़ा
जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
टाइमलाइन एक्सप्रेस
दिनाँक- 12-6-2021
163
दिन- शनिवार



## 12 जून - बाल श्रम निषेध दिवस



ढाबों, घरों, होटलों में,
बच्चों से ना काम कराओ।
ये उम्र है खेलने, कूदने, पढ़ने की,
ये लोगों को समझाओ।।

14 साल के बच्चों से,
जो कारखानों में काम कराएँ
बाल श्रम निषेध अधिनियम के तहत,
तुरंत उनको जेल में पहुँचाएं।।




12 जून को विश्व में,
बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता।
14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से,
श्रम न कराओ यह समझाया जाता।।

नन्हे-नन्हे हाथों से ईट ,गारा, तसला न उठावाओ,
ऐसा सबको बतलाया जाता।
बच्चों को शिक्षा दिलावाओ,
सभी को जागरूक कराया जाता।।




रचना-
नीलम सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रतनगढ़ी
क्षेत्र व जनपद- हाथरस

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद




# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 13-6-2021

164

दिन- रविवार

## अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज़्म (रंगहीनता) दिवस




घरती के अलग-अलग हिस्सों में,
भाँति-भाँति के लोग पाए जाते हैं।
प्रकृति और वातावरण से,
काले-सफेद का रंग पाते हैं।।

शरीर में कुछ तत्वों की कमी से,
जब त्वचा का रंग बेरंग हो जाता।
इसीलिए जागरूकता फैलाने हेतु,
13 जून को रंगहीनता दिवस मनाया जाता।।

जब माता और पिता दोनों में ही,
एल्बिनिज़्म  जीन होते हैं।
तो उनसे पैदा होने वाले बच्चे,
अक्सर रंगहीन होते हैं।।

यह बीमारी मनुष्य के साथ,
पशुओं में भी पाई जाती है।
ऐसे बच्चों को धूप बहुत,
ज्यादा हानि पहुंचाती है।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-14 जून2021

165

दिन- सोमवार

मानव तन में प्रवाहित जीवन,
रंग लाल ,वाहक आक्सीजन।
परिसंचरण तन्त्र में कार्य करता,
बहता रक्त तो जीवन रहता।।

### दिवस विशेष

## विश्व रक्तदाता दिवस

महत्व रक्त का समझाने को,
रक्त का दान बढ़ाने को।
14 जून 2004 में आया,
रक्त दान को देने बढ़ावा।।






ब्लड ग्रुप सिस्टम क्या है होता,
कार्ल लैंडस्टेनर ने यह बताया।
14 जून को इनका जन्मदिन,
रक्तदान दिवस के रूप में मनाया।।

जागरूक हर जन जन हो,
कोश रक्त कभी खाली न हो।
उद्देश्य सफल हो आज का दिन,
जीवन न खोए रक्त के बिन।।




रचना

सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, जनपद- फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 15/06/2021

166

दिन- मंगलवार

## विश्व पवन दिवस -15 जून




प्रदूषण से धरती को,
नुकसान बहुत हुआ है।
प्राकृतिक संसाधनों का,
दुरुपयोग सबने किया है।।

EWEA व GWEC ने,
भव्य किया आयोजन।
मिट जाएँ सब रोग,
धरती से दूर हो प्रदूषण।।

ग्लोबल विंड डे (पवन दिवस) के,
उद्देश्य को सफल बनाना।
पवन ऊर्जा संघों, कंपनियों को,
एक साथ था लाना।।

80 देश विंड एनर्जी के,
क्षेत्र में काम है करते।
प्रदूषण मुक्त संसाधनों को,
प्रयोग करने को प्रोत्साहित करते।।





खूब करें ऊर्जा सरंक्षण,
और रखें प्रदूषण मुक्त धरती।
ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल,
हमसे यही बात कहती।।

रचना - डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण - उन्नाव

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान






## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 16.06.2021 | 167 | दिन- बुधवार

## प्रफुल्ल चन्द राय




देश प्रेम से भरे हुए,
स्वतंत्रता आंदोलन में थे भागीदार।
स्वावलम्बन के मुख्य प्रणेता,
था सादा जीवन उच्च विचार।।

2 अगस्त सन 1861 में जन्म हुआ,
बांग्लादेश के ररौली ग्राम में।
जनक रसायन विज्ञान के कहलाए,
शिक्षा मिली एडिनबरा विश्वविद्यालय में।।

मरक्यूरस नाइट्रेट की खोज किया,
अमोनियम, हाइपोनाइट्रेट पर शोध किया।
मिली बधाई देश विदेश से,
ऑर्गेनिक नाइट्रेट का भी बोध किया।।

फार्मास्युटिकल कंपनी की स्थापना की,
बंगाल में सन उन्नीस सौ दो को,
सबसे अधिक मुनाफा देती है,
सरकारी कंपनी आज भारत को।।



*रचना-*
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रुद्रपुर खजनी, खजनी, गोरखपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 17.06.2021

168

दिन- गुरुवार

## विश्व मरुस्थलीयकरण और सूखा रोकथाम दिवस




विश्व मरुस्थलीयकरण,
और सूखा रोकथाम दिवस।
17 जून को मनाते प्रतिवर्ष,
1995 से हुआ प्रारम्भ।।

मरुस्थलीयकरण और सूखा,
समस्या से हर जन प्यासा, भूखा।
अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खोजा रास्ता,
1994 में आगे आयी संयुक्त राष्ट्र महासभा।।

समाधान हेतु किया दिवस आयोजन,
जन-जागरूकता के बढ़ाए कदम।
बताया समस्या का समाधान है सम्भव,
सभी स्तर पर सहयोग है आवश्यक।।

दिवस पर होता वैश्विक प्रयासों का प्रसार,
तीन मुख्य बातों का होता जनसंचार।
जल खाद्यान्न सुरक्षा भूमि अपरदन निदान,
सूखा रोकथाम, मरुस्थलीयकरण नीति निर्माण।।





रचना-
रीना (स० अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, जनपद- मेरठ

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 18.06.2021 | 169 | दिन- शुक्रवार

## गोवा क्रांति दिवस

गोवा भारत का सुन्दर प्रदेश,
गोवा की संस्कृति सबसे विशेष।
जहाँ 18 जून को प्रति वर्ष,
मनाया जाता गोवा क्रांति दिवस।।

18 जून उन्नीस सौ छियालीस,
गोवा के स्वर्णिम इतिहास में अंकित।
जब डॉ० राम मनोहर लोहिया ने,
गोवा को आजादी के लिए किया प्रेरित।।

उनके क्रांतिकारी जोशीले भाषण ने,
आजादी का बिगुल बजाया।
गोवा की मुक्ति के लिए फिर,
एक लम्बा आन्दोलन चलाया।।

अन्ततः 19 दिसम्बर सन 1961,
सुन्दर पावन दिन आया।
भारतीय सेना ने करके आक्रमण,
पुर्तगालियों से गोवा को मुक्त कराया।।




गोवा भारत में शामिल हुआ,
और बना भारत का अंग।
तभी से 18 जून को हर साल,
मनाते क्रांति दिवस उमंग।।


रचना-
नित्या त्रिपाठी (पूर्व छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
क्षेत्र-मऊ, जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

## पं० माधव राव सप्रे

'एक टोकरी भर मिट्टी' जो,
हिन्दी की है प्रथम कहानी।
लेखक पं० माधव राव सप्रे जी,
ख्याति इनकी दुनिया में बखानी।।



19 जून 1871 सन् जन्मे मध्यप्रदेश,
दमोह जिला था, ग्राम पथरिया।
हिन्दी भाषा के उन्नायक बन,
कई पत्रिकाओं का सम्पादन किया।।

सन् 1900 में छत्तीसगढ़, बिलासपुर से,
मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ मित्र' निकाली।
हिन्दी साहित्यकारों को एक सूत्र में बाँधने को,
'हिन्दी साहित्य-माला' नागपुर से निकाली।।

मराठी पुस्तकों और ग्रन्थों का,
हिन्दी भाषा में अनुवाद किया।
रायपुर में कन्या विद्यालय और,
जानकी देवी पाठशाला का प्रारम्भ किया।।

राष्ट्रवादी, समाजसेवी और,
राजनीतिक साहित्यकार महान।
26 अप्रैल 1926 सन में,
किया था परमधाम प्रस्थान।।




रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 20 जून 2021

171

दिन- रविवार

## विश्व शरणार्थी दिवस




अंतरराष्ट्रीय पर्व है,
विश्व शरणार्थी दिवस।
20 जून को मनाते हैं,
प्रत्येक वर्ष यह दिवस।।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की,
घोषणा विश्व शरणार्थी दिवस की।
4 दिसम्बर 2020 को घोषित किया,
20 जून 2001 से लागू किया।।

हर व्यक्ति के योगदान को,
उद्देश्य जिसका याद दिलाना।
एकता और समन्वय की,
भावना को भी प्रेरित करना।।

संस्था है संयुक्त राष्ट्र संघ की,
UNHCR नाम जिसका।
करती सहायता शरणार्थियों की,
सम्मान दिलाना काम जिसका।।

---


रचना
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा , फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 21 जून 2021

172

दिन- सोमवार

## *अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस*

एकता सूत्र में मानव को पिरोने की,
मन और शरीर में चेतना जगाने की।
प्रकृति मनुष्य में सामंजस्य बैठाने की,
योग कला है जीवन को बचाने की।।




21जून वर्ष का होता है लम्बा दिन,
सर्वाधिक सूर्यताप प्राप्त होता इस दिन।
योग मानव को दीर्घ जीवन प्रदान करता,
इसीलिए यह दिन विश्व योग दिवस बनता।।



सर्वप्रथम श्री मोदी ने इसकी पहल की,
संयुक्त राष्ट्र के 177देशों ने इसे मंजूरी दी।
21जून 2015 को प्रथम बार मनाया गया,
निरोगी जीवन रखने के लिए अपनाया गया।।

भारत की परम्परा का अमूल्य उपहार है,
वर्तमान संक्रमण काल का यह उपचार है।
बदलती जीवन शैली में चेतना जगाने,
योग प्रेम की भावना का विस्तार है।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।


रचना
सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

# विश्व वर्षावन दिवस



आज है दिवस विश्व वर्षावन,
रोकना है वर्षावन का दोहन।
विलुप्ति से संकट में है जीवन,
असन्तुलित हो रहा पर्यावरण।।

22 जून 2017 में हुआ दिवस आयोजित,
रेन फारेस्ट पार्टनरशिप ने किया स्थापित।
वर्षावन को मिलकर करें संरक्षित,
सुरक्षा के नियम करते प्रोत्साहित।।

है अन्तरराष्ट्रीय गैर लाभकारी संगठन,
स्थान है इसका टेक्सास, ऑस्टिन।
वर्षावन महत्व का करते जन-जागरण,
सुरक्षा की समस्या का करते निराकरण।।

वर्षावन पृथ्वी का आभूषण कहलाते,
सबसे बड़ी औषधशाला नाम पाते।
पृथ्वी के फेफड़े के रूप में काम करते,
जलवायु परिवर्तन को स्थिर करते।।



रचना-
रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, जनपद- मेरठ

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 23/06/2021

174

दिन- बुधवार

## अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति स्थापना दिवस

23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति का था गठन हुआ,
मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लुसाने में निश्चित हुआ।
देमेट्रिस विकेलस प्रथम अध्यक्ष बने और,
भाषा फ्रांसीसी और अंग्रेजी का चयन हुआ।।




स्थापना के दिन को हम ओलम्पिक दिवस मनाते हैं,
ग्रीष्म, शीत और युवा ओलम्पिक खेल मनाए जाते हैं।
समिति ओलम्पिक खेल संगठन व विकास को प्रोत्साहित करती है,
समर्थन और नियमित आयोजनों को सम्पादित करती है।।




मानवता की सेवा और शांति उद्देश्य है निर्धारित,
विविध खेलों में भेदभाव के कार्य है प्रतिबंधित।
महिला-पुरुष समानता सिद्धांत को करती प्रतिपादित,
खेल में महिला प्रतिभागिता को करती प्रोत्साहित।।



मानद अध्यक्ष जैक्स रोगे और अध्यक्ष थॉमस बाच हैं ,
उपाध्यक्ष है पाँच जिनमें अनीता डिफ्रेटेज एक हैं।
महानिदेशक बेल्जियम के क्रिस्टोफर डी केयर हैं,
सभी मिल कर ओलम्पिक आंदोलन का करते नेतृत्व हैं।।

**रचना-** डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण - उन्नाव

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान




शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस




दिनाँक- 24.06.2021

175

दिन- सोमवार

## रानी दुर्गावती शहीद दिवस





5 अक्टूबर 1524 को रानी दुर्गावती का जन्म हुआ,
कालिंजर के राजा पृथ्वी सिंह के यहाँ अवतरण हुआ।
तेज, साहस, शौर्य, सुन्दरता की धीर-वीर वह नारी थी।
दूर-दूर तक प्रसिद्ध योद्धा, धर्मनिष्ठ वह कल्याणी थी।।

शादी के चार वर्षों के बाद असमय विधवा हुई रानी,
तीन वर्षीय पुत्र नारायण के साथ गढ़मंडल शासन सँभाली रानी।
आसमान की ऊँचाइयों को रानी की छूती ख्याति थी,
मध्यप्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र की वह वीराँगना रहने वाली थी।।

बिजली से चकाचौंध करती हुई रानी जहाँ-जहाँ जाती थी,
अपनी चमकी तलवारों से मुगलों के सिर पर प्रहार करती थीं।
24 जून 1564 को मुगल सेना ने रानी पर हमला बोला था,
रानी का पक्ष दुर्बल था तब कटार स्वयं सीने में भोंका था।।

24 जून 1988 को बलिदान दिवस घोषित किया गया,
जबलपुर के संग्राहालय का नाम रानी दुर्गावती रखा गया।।
कितना पवित्र तन वीराँगना का रक्त की बूँद जहाँ-जहाँ गिरी।
रानी तो दुनिया छोड़ गई अपना नाम अमर कर गयी।।


रचना-
सुमन कुशवाहा (प्र०अ०)
प्रा० वि० भगवानपुर
वि० ख०- नेवादा (कौशाम्बी)






आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।
9458278429

शिक्षा का उत्थान | शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 25/06/2021 | 176 | दिन- शुक्रवार

## *मनोज कुमार पाण्डेय जी *



उत्तर-प्रदेश की पावन धरती पर,
जन्मे थे मनोज पाण्डेय जी महान।
अमर हुए पाकर जो वीरगति,
कारगिल युद्ध के दौरान।।

जन्मे पच्चीस जून, 1975 में,
सीतापुर जनपद के रूढ़ा ग्राम।
पिता श्री गोपीचन्द्र थे जिनके,
माता मोहिनी के पुत्र ललाम।।

था व्यक्तित्व असाधारण,
बचपन से वे वीर परम थे।
परमवीर चक्र पाने की चाहत में,
भारतीय सेना में भर्ती हुए थे।।

भर्ती हुए सेना में कैप्टन बन,
गोरखा राइफल पहली बटालियन।
सन् 1999 में देश की रक्षा करने,
पाक से युद्ध कारगिल का लड़ने।।

घायल होकर भी दुश्मन के,
चार बंकर कर दिए तबाह।
चौबीस वर्ष की अल्पायु में,
परमवीर वह खो गया, आह!



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान


# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 26 जून 2021

177

दिन- शनिवार

## बंकिमचन्द्र चटर्जी



बंकिमचन्द्र चटर्जी,
थे प्रख्यात उपन्यासकार।
बंगाली के प्रमुख कवि,
गद्यकार और पत्रकार।।

26 जून 1838 में,
नैहाटी, बंगाल में जन्म हुआ।
राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्'
उनके द्वारा रचित हुआ।।

ब्रिटिश सेवा में रह कर भी,
भारतीयता का अलख जगाया।
बंग भाषा का साहित्य में,
नाम बहुत ऊँचा कराया।।

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के,
नाम से भी जाने जाते।
भारतीय स्वतंत्रता संग्राम काल में,
क्रान्तिकारियों का प्रेरणास्रोत माने जाते।।





रचना
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा 0वि0मुकन्दपुर
लोधा,अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 27.06.2021

178

दिन- रविवार

### जन्मदिवस- पी.टी.ऊषा



27 जून सन 1964 को था पहली बार,
केरल के पय्योली गाँव मे था एक व्यापारी परिवार।
पिता ई.पी.एम.पैतल और माँ टी.वी.लक्ष्मी के घर,
जन्म हुआ पी.टी.उषा का और छायी बहार।।

उम्र अभी थी 12 साल,
1976 में केरल में महिला स्पोर्ट सेंटर की हुई शुरुआत।
जीती नेशनल स्पोर्ट चैम्पियनशिप पहली बार,
प्रशिक्षक थे उनके ओ.एम.नाम्बियार।।




भारतीय ट्रैक एंड फील्ड की रानी ने,
उड़नपरी के नाम से बनायी पहचान।
निरन्तर स्थापित किये कई कीर्तिमान,
दक्षिण रेलवे में कार्यरत हैं आज भी पा रहीं है सम्मान।।

भारत के लिए केरल का है वो अमूल्य उपहार,
हासिल किए कई मेडल और पुरुस्कार।
101 पदक व 1000 से ज्यादा ट्राफियां जीतकर,
1984 में पाया पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार।।


रचना- रूपी त्रिपाठी (स० अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी
क्षे०- सरवनखेड़ा
जनपद- कानपुर देहात


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 28/06/2021

179

दिन- सोमवार

## गरीब दिवस



पहली बार सन् 1966 में,
गया था गरीब दिवस मनाया।
इसके बाद विकासशील देशों ने,
हर 28 जून को इसे मनाया।।

देश के ऐसी जनता जिनको,
जीवन रक्षक चीजें न मिलतीं।
ऐसे गरीबों के जीवन-स्तर को,
सुधारने का सरकारें प्रयास करतीं।।

विश्व के सभी विकासशील देश,
हर साल 'गरीब दिवस' हैं मनाते।
और गरीब लोगों के संग सक्रिय,
भागेदारी कर उनका साथ निभाते।।

इस दिवस को मनाकर गरीबों के,
जीवन का स्तर ऊँचा बनाना है।
संकल्प सभी लें, कि हर हाल में,
अपने देश से गरीबी मिटाना है।।




रचना

शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 29.06.2021

180

दिन- मंगलवार

## राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस




स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त,
आर्थिक योजना का किया उत्थान।
सामाजिक, आर्थिक, किए नीति निर्माण,
सांख्यिकी विकास में किया योगदान।।

वह थे प्रो० प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस महान,
थे भारतीय वैज्ञानिक व सांख्यिकीविद महान।
भारत सरकार ने बहुमूल्य योगदान का किया सम्मान,
जन्मदिवस को दिया राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस नाम।।

भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता,
सांख्यिकी जनक ने 1931 में की स्थापना।
5 जून 2007 में भारत राजपत्र में हुई अधिसूचना,
29 जून 2007 से दिवस मनाने की हुई उद्घोषणा।।

दिवस पर योगदान कर्ता को देते सम्मान उपहार,
युवाओं में सांख्यिकी जागरूकता बढ़ाते अपार।
सांख्यिकी नीतियों का होता जन-प्रसार,
संगोष्ठियाँ, चर्चाएँ, प्रतियोगिताएँ होती अपार।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।


रचना-
रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, मेरठ

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 30-6-2021

181

दिन- बुधवार

## विश्व क्षुद्रग्रह दिवस

30 जून 1908 को रूस की,
तुगुंस्ता नदी के पास विस्फोट हुआ।
क्षुद्रग्रह के गिरने से धरती पर,
सबसे बड़ा नुक़सान हुआ।।



इसलिए संयुक्त राष्ट्र ने 30 जून को,
अन्तरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह की घोषणा की।
जनता को क्षुद्रग्रहों के बारे में,
शिक्षित करने की योजना की।।



क्षुद्रग्रह का निर्माण मुख्य रूप से,
खनिज और चट्टानों से होता है।
क्षुद्रग्रह ने सूरज के करीब ही,
अपना गठन किया होता है।।

ब्रह्माण्ड में विचरण करते यह,
खगोलीय पिंड कहलाते हैं।
क्षुद्रग्रह ग्रहों से छोटे होते,
उल्का पिंडों से बड़े माने जाते हैं।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

# मिशन शिक्षण संवाद

## रचनाकारों की सूची

सुमन पांडेय, फतेहपुर
अनुप्रिया यादव, फतेहपुर
आरती यादव, कानपुर देहात
शहनाज़ बानो, चित्रकूट
नीतू शुक्ला, उन्नाव
नीलम भास्कर, बागपत
ज्योति सागर, बागपत
रेखा रावत, रुद्रप्रयाग
रूपी त्रिपाठी, कानपुर देहात
नीलम सिंह, हाथरस
सीमा मिश्रा, फतेहपुर
सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
रीना, मेरठ
नित्या त्रिपाठी, चित्रकूट
शिखा वर्मा, सीतापुर
सुमन कुशवाहा, कौशाम्बी
हेमलता गुप्ता, अलीगढ़

**- टेक्निकल टीम -**

जितेन्द्र कुमार, सुधांशु श्रीवास्तव, हेमलता गुप्ता, वन्दना यादव 'गज़ल'

मार्गदर्शन- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन-

काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद